# खेल जगत



डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह से मुलाकात करुंगा और उनसे महासंघ के फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करुंगा।
– अमन सहरावत

ओलंपिक मेडलिस्ट, कुश्ती महासंघ द्वारा प्रतिबंध को लेकर बोलते हुए।

**आज का खिलाड़ी** – **कुलदीप यादव**



**भारत** ने अब तक दोनों मैचों में कुलदीप यादव का रुख नहीं किया है। इस बात को लेकर चर्चा है कि भारत को कुलदीप के रूप में एक आक्रामक विकल्प के साथ जाना चाहिए या फिर ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों को देखते हुए बल्लेबाजी में गहराई सुनिश्चित करना ही एक बेहतर विकल्प है। तीसरे मैच में जीत दर्ज करने के लिए भारत को अपनी गेंदबाजी यूनिट में बदलाव करने की जरूरत है और इस बात की संभावना है कि शायद कुलदीप यादव की टीम में एंट्री हो। क्या भारत अपने तेज गेंदबाज़ी आक्रमण को भी धार देने की योजना बनाएगा और प्रसिद्ध कृष्णा को अंतिम वनडे के एकादश मे जगह मिलेगी?

**क्या आप जानते हैं ?...** ऑस्ट्रेलिया में खेले गए 56 मुकाबलों में 40 में कंगारू और 14 में भारत को जीत मिली है।

## सम्मान बचाने उतरेगा भारत, विराट कोहली और शुभमन गिल पर होगी नजर

सिडनी, 24 अक्टूबर। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मुकाबले को जीत भारत सम्मान बचाने उतरेगा। पिछले दो मैचों में विफल रहे कप्तान शुभमन गिल और विराट कोहली पर सभी की नजर होगी।

पूर्व कप्तान और शानदार एंकर कोहली ने अभी तक इस सीरीज में अपना दबदबा नहीं दिखाया है, जबकि टीम की कप्तानी कर रहे गिल शीर्षक्रम में नियंत्रण बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उनके कंधों पर बहुत बड़ा बोझ है। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हर मोर्चे पर पटखनी दी है। कोहली और रोहित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अब केवल एकदिवसीय मैच ही खेलते हैं, ऐसे में दोनों ही बल्लेबाज सीरीज के अंतिम मैच में बेहतर प्रदर्शन कर सीरीज का सुखद अंत करना चाहेंगे।

कप्तान शुभमन गिल के लिए यह दौरा कप्तानी के साथ ही बल्लेबाजी के दृष्टिकोण से भी अच्छा नहीं रहा है। गिल ने पहले दो मैच में कुल 19 रन ही बना पाए हैं। मध्य क्रम में के एल राहुल ने पहले और श्रेयस अय्यर ने दूसरे मैच में अच्छी बल्लेबाज़ी की थी लेकिन भारत इन दोनों के एक साथ प्रदर्शन करने की उम्मीद करेगा। सिडनी में भारत को सार्थक चुनौती पेश करने के लिए कोहली को अपनी लय, टाइमिंग और दबदबा वापस आना होगा और गिल को पारी की शुरुआत में उदाहरण पेश करते हुए नेतृत्व करना होगी, ताकि बाद में आने वालों के लिए माहौल सेट हो सके।



वहीं आत्मविश्वास से भरा हुआ ऑस्ट्रेलिया सीरीज का आखिरी मैच जीतकर क्लीन स्वीप के इरादे से मैदान में उतरेगा है। मिशेल मार्श और ट्रैविस हेड शुरुआती आक्रामकता प्रदान करते हैं, जबकि मैथ्यू शॉर्ट और मैट रेनशॉ बीच के ओवरों में पारी को स्थिरता देते हैं। कूपर कॉनली और मिशेल ओवेन फिनिशिंग पावर देते हैं, यह सुनिश्चित करते हैं कि मोमेंटम कभी रुके नहीं। जोश हेज़लवुड, मिशेल स्टार्क, ज़ेवियर बार्टलेट और एडम जम्पा की अगुवाई वाला गेंदबाजी आक्रमण सटीक और लगातार रहा है, जिससे पिछले दोनों मुकाबलों में भारतीय बल्लेबाज दबाव में रहे हैं।

एकदिवसीय प्रारूप में दोनों के बीच कुल 154 मैच खेले गए हैं, जिसमें से 86 में ऑस्ट्रेलिया और 58 में भारत को जीत मिली है। भारत में खेले गए 72 मुकाबलों में 34 में ऑस्ट्रेलिया और 33 में भारतीय टीम को जीत मिली है। ऑस्ट्रेलिया में खेले गए 56 मुकाबलों में 40 में कंगारू और 14 में भारत को जीत मिली है। तटस्थ स्थान पर 26 मैचों में से 11 में भारत और 12 में ऑस्ट्रेलिया ने जीते है।

भारत आक्रमण में धारा लेने के लिए कुलदीप यादव का रुख कर सकता है। बाएं हाथ के रिस्ट-स्पिनर की गेंद को दोनों तरफ घुमाने और इनिंग्स के आखिर में रफ पैच का फायदा उठाने की काबिलियत ऑस्ट्रेलिया के मिडिल ऑर्डर को परेशान कर सकती है, खासकर मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह के साथ नई गेंद से, और बीच के ओवरों में वाशिंगटन सुंदर के कंट्रोल से। यह काफी हद तक कोहली और गिल के फॉर्म और अथॉरिटी में वापस आने पर निर्भर करता है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड की बात की जाये तो यह शुरुआत में सीम मूवमेंट और असमान उछाल ओपनर्स के लिए चुनौती पेश करते हैं। स्पिनर्स को बाद में फायदा मिलता है।

**पिच और परिस्थितियां**

शनिवार को सिडनी में मौसम साफ और सुहावना रहने की उम्मीद है। हालिया समय में सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर स्पिन को उतनी मदद नहीं देखी गई है लेकिन सपाट सतहों पर स्पिन गेंदबाज अपना प्रभाव छोड़ने में सफल रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने यहां की परिस्थितियों का भरपूर आनंद लिया है और यहां पिछले लगातार छह वनडे जीत में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने बड़े स्कोर बनाए हैं।

**संभावित एकादश ऑस्ट्रेलिया:-** मिशेल मार्श (कप्तान), ट्रैविस हेड, मैथ्यू शॉर्ट, मैट रेनशॉ, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कूपर कॉनोली, मिशेल ओवेन, जेवियर बार्टलेट, मिशेल स्टार्क/बेन ड्वारशुइस, एडम ज़म्पा, जोश हेजलवुड/नाथन एलिस

**संभावित एकादश भारत:-** रोहित शर्मा, शुभमन गिल (कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर/कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह।

## मेसी ने इंटर मियामी के साथ अपना अनुबंध 2028 तक बढ़ाया

मियामी, 24 अक्टूबर। लियोनेल मेसी ने इंटर मियामी के साथ अपने अनुबंध को अपने 41वें जन्मदिन के बाद तक बढ़ाने पर सहमति जताई है, एमएलएस क्लब ने यह जानकारी दी। 38 वर्षीय मेसी, जिनका पिछला अनुबंध दिसंबर में समाप्त होने वाला था, ने 2028 के अंत तक चलने वाले इस समझौते की व्यक्तिगत शर्तों पर सहमति जताई। सह-मालिक डेविड बेकहम ने एक बयान में कहा, ''हमारा लक्ष्य इंटर मियामी और इस शहर में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को लाना था, और हमने ठीक यही किया है।वह अब भी पहले की तरह ही प्रतिबद्ध हैं और अब भी जीतना चाहते हैं।'' 2023 में क्लब में शामिल होने के बाद से मेसी ने 82 मैचों में 71 गोल किए हैं और 37 असिस्ट दिए हैं, जिससे मियामी को 2023 लीग कप और 2024 सपोर्टर्स शील्ड जीतने में मदद मिली है। अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता ने 29 गोल के साथ इस साल का एमएलएस गोल्डन बूट जीता और लीग के एमवीपी पुरस्कार के लिए चुने गए पांच खिलाड़ियों में से एक हैं। बेकहम ने कहा, ''लियो का इंटर मियामी के लिए अपना भविष्य समर्पित करना, हमारे यहां जो कुछ भी बन रहा है, उसमें उनके विश्वास को दर्शाता है।'' उन्होंने आगे कहा, ''उन्होंने इस देश में खेल का चेहरा बदल दिया है, और हमें इस बात पर बहुत गर्व है कि वह भविष्य में हमारे क्लब का नेतृत्व करेंगे।'' इंटर मियामी नियमित सत्र के अंत में एमएलएस ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में तीसरे स्थान पर रहा। फ्लोरिडा की यह टीम शुक्रवार को प्लेऑफ के पहले दौर में नैशविले से खेलेगी, जिसका फैसला तीन मैचों में होगा।

## उन्नति और रोहन-रुथविका और कविप्रिया-सिमरन की जोड़ी फ्रेंच ओपन में हारी

नई दिल्ली, 24 अक्टूबर। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नित हुडा महिला एकल, रोहन कपूर-रुथविका गड्डे मिश्रित युगल और कविप्रिया सेल्वम-सिमरन सिंघी की जोड़ी को फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025 के युगल में मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ भारत का टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया। गुरुवार को खेले गये मुकाबले के दूसरे राउंड में 18 साल की उन्नित हुड्डा को एकल मुकाबले में चीन की वांग झीयी से 21-14, 21-11 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल बैडमिंटन रैंकिंग में 35वें नंबर पर रहीं उन्नित, मौजूदा वर्ल्ड नंबर 2 वांग झीयी के सामने टिक नहीं पाईं और 39 मिनट में मुकाबला हार गईं।

## भारत की लड़कों और लड़कियों की कबड्डी टीमों ने जीते स्वर्ण पदक

मनामा (बहरीन), 24 अक्टूबर। भारत के लड़कों और लड़कियों की टीमों ने कबड्डी स्पर्धा के फाइनल में ईरान के खिलाफ अलग-अलग अंदाज में जीर्त दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किये। ईसा स्पोर्ट्स सिटी में खेले गये मुकाबलों में भारतीय लड़कों की टीम ने ईरान को 35-32 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। जबकि लड़कियों की टीम ने ईरान के खिलाफ एकतरफा कबड्डी के दो हाफ के बाद 75-21 के बड़े अंतर से जीत हासिल की। भारतीय लड़कियों की कबड्डी टीम पहले ग्रुप स्टेज में भी अजेय रही थी। उन्होंने लीग मैचों में बंगलादेश को 46-18, थाईलैंड को 70-23, श्रीलंका को 73-10 और ईरान को 59-26 से हराया था। इसी तरह, भारतीय लड़कों की कबड्डी टीम ने भी ग्रुप स्टेज में अजेय रही। उन्होंने बंगलादेश को 83-19, श्रीलंका को 89-16, पाकिस्तान को 81-26, ईरान को 46-29, मेजबान बहरीन को 84-40 और थाईलैंड को 85-30 से हराया। इससे पहले दिन में, भारत ने ताइक्वांडो स्पर्धा में दो कांस्य पदक और एथलेटिक्स में एक रजत और एक कांस्य पदक भी जीता था।

## एशियन यूथ गेम्स-बहरीन गिरिराज ने रतनसरा की कृष्णा व तेजस्वी गहलोत को दी बधाई

जयपुर, 24 अक्टूबर। जयपुर ओलंपिक संघ के अध्यक्ष गिरिराज खंडेलवाल ने बहरीन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में भारतीय महिला टीम द्वारा स्वर्ण पदक जीतने पर राजस्थान की बेटी कृष्णा (रतनसरा) सहित पूरी भारतीय टीम को हार्दिक बधाई दी है। खंडेलवाल ने कहा कि ईरान जैसी मज़बूत टीम को पराजित कर स्वर्ण पदक हासिल करना नारी शक्ति के साहस, अनुशासन और समर्पण का जीवंत उदाहरण है। कृष्णा ने न केवल राजस्थान बल्कि पूरे देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने आगे कहा कि इस सफलता के पीछे राजस्थान ओलंपिक संघ एवं राजस्थान कबड्डी संघ के अध्यक्ष श्री तेजस्वी गहलोत का प्रेरणादायी नेतृत्व और खेलों के प्रति उनका दूरदर्शी दृष्टिकोण रहा है। उनके नेतृत्व में भारतीय टीम बहरीन रवाना हुई और ऐतिहासिक जीत दर्ज की – जो राजस्थान के खेल इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित होगी। गिरिराज खंडेलवाल ने कहा कि तेजस्वी गहलोत ने प्रदेश में खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मंच उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाई है। उनकी निरंतर प्रेरणा और संगठनात्मक दक्षता से राजस्थान के खिलाड़ियों को नई दिशा मिली है। जयपुर ओलंपिक संघ परिवार ने तेजस्वी गहलोत, भारतीय टीम की सभी खिलाड़ियों और कृष्णा (रतनसरा) के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ प्रेषित की हैं।

## मोहसिन नकवी ने की एक और गिरी हुई हरकत
## एशिया कप ट्रॉफी को एसीसी मुख्यालय से हटाया

नई दिल्ली, 24 अक्टूबर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन और एसीसी अध्यक्ष मोहसिन नकवी अपनी हरकतों से बाज़ नहीं आ रहे हैं। एशिया कप ट्रॉफी को लेकर अब पीसीबी चीफ ने एक और ओच्छी हरकत कर दी है। पहले तो 28 सितंबर को फाइनल मैच के बाद टूर्नामेंट की विजेता टीम इंडिया को ट्रॉफी सौंपने के बजाय वह उसे अपने साथ एसीसी मुख्यालय ले आए। उसके बाद अब रिपोर्ट आ रही है कि उन्होंने ट्रॉफी एसीसी मुख्यालय से हटाकर किसी अनजान जगह पर रखवा दी है।




पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारतीय टीम ने एशिया कप के मैचों में पाकिस्तानी टीम से हाथ नहीं मिलाया था। टीम इंडिया ने 28 सितंबर को एशिया कप के फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान को कड़ी शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया था। जिसके बाद टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने नकवी से ट्रॉफी और मेडल लेने से इनकार कर दिया था।

नकवी ने भी यूएई बोर्ड या किसी अन्य एशियाई बोर्ड के पदाधिकारी से ट्रॉफी दिलाने के बजाय खुद ही ट्रॉफी देने का अडियल रुख अपनाया। जिसके बाद नकवी ट्रॉफी चोरी करके ले गए। वह टीम इंडिया की ट्रॉफी और मेडल लेकर अपने होटल रूम पहुंच गए। क्रिकेट इतिहास में शायद ही ऐसा कभी हुआ हो जब विजेता टीम को ट्रॉफी दिए जाने के बजाय कोई उसे बेशर्मी से अपने पास रख ले।

नकवी की इस गिरी हुई हरकत के खिलाफ जब भारतीय बोर्ड ने कड़ा रुख अपनाया तो तब वह ट्रॉफी सौंपने के लिए तैयार हो गए लेकिन शर्त ये रखी कि लेना तो उनके हाथ से ही होगा। बीसीसीआई के कोई पदाधिकारी टीम इंडिया के कप्तान या किसी खिलाड़ी के साथ आएं और ट्रॉफी ले जाएं।

न्यूज एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से बताया है कि एशिया कप की ट्रॉफी दुबई स्थित एसीसी के मुख्यालय में है ही नहीं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि, कुछ दिनों पहले भारतीय बोर्ड के एक अधिकारी ने एसीसी मुख्यालय का दौरा किया था। जब उन्होंने एसीसी ऑफिस में ट्रॉफी के बारे में पूछताछ की तब स्टाफ ने उन्हें बताया कि उसे यहां से हटा दिया गया है और ट्रॉफी अब मोहसिन नकवी के कब्जे में अबू धाबी में किसी जगह पर है।

## राजस्थान के पूर्व रणजी खिलाड़ी पीयूष पांडे का निधन



जयपुर, 24 अक्टूबर। राजस्थान के पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी पीयूष पांडे का निधन आज हुआ। पीयूष पांडे जन्म 5 सितंबर 1955 को हुआ था। उन्होंने राजस्थान के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज़ के रूप में 5 रणजी ट्रॉफी मैच खेले हैं। उन्होंने 1977-78 में नई दिल्ली के करनैल सिंह स्टेडियम में रेलवे के खिलाफ अपना पहला मैच खेला था। उन्होंने राजस्थान के लिए कर्नल सीके नायडू (अंडर-22) के तहत 4 मैच भी खेले। 5 रणजी ट्रॉफी मैचों में उन्होंने 105 रन बनाए, जिसमें 28 रन उनका सर्वोच्च स्कोर है। उन्होंने 7 कैच और 2 स्टंप लिए हैं।

## शमी, किशन, ईश्वरन आज से होंगे रणजी एक्शन में

नई दिल्ली, 24 अक्टूबर। रणजी ट्रॉफी 2025-26 के शनिवार से शुरु हो रहे दूसरे दौर में अनुभवी टेस्ट खिलाड़ी मोहम्मद शमी, ईशान किशन और अभिमन्यु ईश्वरन अपनी-अपनी टीमों के लिए अहम भूमिका निभाएंगे। शमी की तेज गेंदबाजी और अनुभव ईडन गार्डन्स में बंगाल के आक्रमण की अगुवाई करेगा, जबकि ईशान नागपुर में झारखंड की बल्लेबाजी को संभालने का प्रयास करेंगे, और ईश्वरन बंगाल की पारी को मजबूती देने उतरेंगे। इन खिलाड़ियों की मौजूदगी घरेलू मुकाबले में टेस्ट-स्तर का कौशल और स्वभाव देखने को मिलेगा।





इसमें प्रशंसकों के साथ चयनकर्ताओं की भी विशेष दिलचस्पी होगी। विजयनगरम में, आंध्र प्रदेश उत्तर प्रदेश के खिलाफ ड्रॉ के बाद अपनी पहली जीत की तलाश में है, जिसमें टॉप-ऑर्डर के बल्लेबाज शेख रशीद और श्रीकर भरत ओपनिंग मैच में अपने शतक के प्रदर्शन को आगे बढ़ाना चाहेंगे।

तेज गेंदबाज केवी शशिकांत और त्रिपुरना विजय को एक आत्मविश्वास से भरी बड़ौदा टीम को चुनौती देने के लिए शुरुआती परिस्थितियों का फायदा उठाना होगा, जो ओडिशा पर सात विकेट की जीत के बाद आ रही है। महेश पिथिया के छह विकेट और शिवालिक शर्मा और मितेश पटेल के मजबूत योगदान से बड़ौदा को साफ बढ़त मिलती है, हालांकि आंध्र प्रदेश का घरेलू फायदा और बल्लेबाजी की गहराई मुकाबले को कड़ा बना सकती है। टॉस जीतने वाली टीमों से उम्मीद है कि वे पिच की शुरुआती परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाने के लिए पहले बल्लेबाजी करेंगी।

ईडन गार्डन्स में, बंगाल गुजरात की मेजबानी करेगा, जिसमें शमी, ईश्वरन और सुदीप चटर्जी कमान संभालेंगे। शमी की अगुवाई वाली बंगाल की गेंदबाजी गुजरात के शीर्ष क्रम को परेशान करने का प्रयास करेगी, जबकि उनके अनुभवी बल्लेबाज एक चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने का लक्ष्य रखेंगे। गुजरात ने अपने पहले मैच में असम के खिलाफ ड्रॉ खेला था, अहम योगदान के लिए आर्य देसाई, सिद्धार्थ देसाई और जयमीत पटेल पर निर्भर रहेगा। उम्मीद है कि पिच शुरुआत में गेंदबाजो की मदद करेगी और फिर बल्लेबाजी के लिए आसान हो जाएगी, जिससे बंगाल को फॉर्म और घरेलू परिस्थितियों से परिचित होने का दोहरा फायदा मिलेगा।

अन्य मैचों में, चंडीगढ़ महाराष्ट्र की मेजबानी करेगा, विदर्भ झारखंड से भिड़ेगा, सौराष्ट्र मध्य प्रदेश से खेलेगा, उत्तराखंड रेलवे से , पंजाब केरल से भिड़ेगा, उत्तर प्रदेश ओडिशा से खेलेगा, और तमिलनाडु नागालैंड का दौरा करेगा। खास तौर पर झारखंड का ईशान पर निर्भर रहना अहम है, जिन्होंने पहले मैच में 173 रन बनाकर इस लेवल पर हावी होने की अपनी क्षमता दिखाई है। अलग-अलग मैदानों पर, पिचें शुरू में तेज गेंदबाजों और स्पिनरों को मदद दे रही हैं, जिसके बाद वे बल्लेबाजों के लिए अच्छी हो जाती हैं, जिससे पहली पारी का टोटल बहुत जरूरी हो जाता है। कई टीमें शुरुआती झटकों से उबरकर मोमेंटम बनाने की कोशिश कर रही हैं, ऐसे में कल के रणजी ट्रॉफी मैच में जबरदस्त मुकाबला, शानदार परफॉर्मेंस और एलीट ग्रुप स्टैंडिंग में पॉइंट्स के लिए निर्णायक मुकाबले देखने को मिलेंगे।



## जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए भारत नहीं आएगी पाकिस्तान टीम, एशिया कप से भी रहा था बाहर

नई दिल्ली, 24 अक्टूबर। बिहार के राजगीर में हुए इस साल एशिया कप हॉकी 2025 में पाकिस्तानी टीम ने हिस्सा नहीं लिया था। अब कुछ महीनों बाद पाकिस्तान ने जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप 2025 से भी अपना नाम वापस ले लिया है। जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप भी इस साल नवंबर-दिसंबर में भारत में ही होना है। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने शुक्रवार को इसकी पुष्टी की है। एफआईएच ने इस दौरान कहा कि, पाकिस्तान की जगह नई टीम की घोषणा जल्द की जाएगी। एफआईएच ने ये भी कहा कि टूर्नामेंट में पूरी संख्या में टीम्स शामिल होंगी। जिससे प्रतियोगिता बिना किसी रुकावट के जारी रह सके। जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में खेला जाना है। वहीं इस टूर्नामेंट में 24 टीमें हिस्सा लेंगी। एफआईएच की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि, हम पुष्टि करते हैं कि पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ को सूचित किया है कि वे भारत में होने वाले एफआईएच मेन्स जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में भाग नहीं लेंगे।

## कुलदीप सिंह की शानदार गेंदबाजी से बिमल क्रिकेट एकेडमी विजयी



जयपुर, 24 अक्टूबर। मैत्री क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित आज एन. बी. क्रिकेट ग्राउण्ड जगतपुरा में चतुर्थ डॉ.ए.पी.जे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज खेले गये पूल-बी के मुकाबले में बिमल क्रिकेट एकेडमी ने कुलदीप सिंह गुर्जर 16 रन पर 4 विकेट की शानदार गेंदबाजी मोहम्मद जैद 20 रन व 23 रन पर 2 विकेट के ऑलराण्डर प्रदर्शन से अण्डर-16 व अण्डर-14 खिलाडियों से भरी डायमण्ड क्रिकेट एकेडमी को मात्र 20 रन से हराकर 2 अंक अर्जित किये। टॉस जीतकर बिमल क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी की लेकिन तनुष शर्मा 21 रन पर 3 विकेट, सम्यक जैन 21 रन पर 2 विकेट व उत्सव 24 रन पर 2 विकेट ने शानदार गेंदबाजी करते हुये 80 रन पर 6 विकेट ले लिये। लेकिन डायमण्ड क्रिकेट एकेडमी की अनुभवहीनता व खराब क्षेत्ररक्षण का लाभ उठाते हुये बिमल क्रिकेट एकेडमी के निचले क्रम के बल्लेबाजों सैफ नकवी 31 रन, अंकित मनका 23 रन, विमल ठाकुर 21 रन, मोहम्मद जैद 20 रन नाबाद की मदद से निर्धारित 20 ओवर में स्कोर 149 पंहुचा दिया। डायमण्ड क्रिकेट एकेडमी की ओर से समर्थ गर्ग, सम्यक जैन 1 विकेट लेकर अन्य सफल गेंदबाज रहे।

जवाबी पारी में डायमण्ड क्रिकेट एकेडमी की ओर से अब्दुल सुब्हान 26 रन, तनुश शर्मा 24 रन, सम्यक जैन 17 रन नाबाद की मदद से निर्धारित 20 ओवर 9 विकेट खोकर 129 रन ही बना सके और 20 रन से मैच गवा दिया। गेंदबाजी में बिमल क्रिकेट एकेडमी की ओर से कुलदीप सिंह गुर्जर 16 रन पर 4 विकेट, मोहम्मद जैद 23 रन पर 2 विकेट, केशव शर्मा 23 रन पर 2 विकेट, निलेश कुमार 11 रन पर 1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। इस मैच का मैन ऑफ दी मैच कुलदीप सिंह गुर्जर बिमल क्रिकेट एकेडमी रहे।

## एक बार जब विराट तेजी से स्ट्राइक रोटेट करना शुरू कर देते हैं, तो फिर उन्हें रोकना बहुत मुश्किल हो जाता है : इरफान पठान

नई दिल्ली, 24 अक्टूबर। एडिलेड में रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने वनडे सीरीज में 2-0 से अपराजेय बढ़त बना ली है, अब नजरें सिडनी में होने वाले आखिरी वनडे पर टिकी हैं। अपनी प्रतिष्ठा दांव पर लगाकर, भारत इस सीरीज़ का अंत सकारात्मक अंदाज में करना चाहेगा। जियोस्टार पर एक्सक्लूसिव बातचीत में, विशेषज्ञ इरफ़ान पठान, अभिषेक नायर और आकाश चोपड़ा ने अपनी राय साझा की कि सीरीज के आखिरी मैच में सांत्वना भरी जीत हासिल करने के लिए टीम इंडिया को क्या करना होगा।



इरफ़ान पठान ने विराट कोहली के फॉर्म और दृष्टिकोण पर बात करते हुए कहा, ''विराट कोहली का फॉर्म महत्वपूर्ण है। उन्हें स्ट्राइक रोटेट करने और स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाने की ज़रूरत है। क्योंकि एक बार जब वह ऐसा करने लगते हैं, तो किसी भी विरोधी टीम के लिए उन्हें रोकना बहुत मुश्किल हो जाता है। मुझे उम्मीद है कि विराट तेज़ी से स्ट्राइक रोटेट करना शुरू कर देंगे, बोर्ड पर कुछ रन बनाएंगे, और एक बार ऐसा हो जाने के बाद, उन्हें पीछे मुड़कर देखने की जरूरत नहीं होगी।'' अभिषेक नायर ने भारतीय तेज गेंदबाज़ों पर अपने विचार साझा करते हुए कहा,''भारत के तेज गेंदबाज़ों को ज़्यादा विकेट लेने होंगे। इन ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर उन्हें जिस तरह की मदद मिल रही है, उसे देखते हुए उन्हें परिस्थितियों का पूरा फ़ायदा उठाना होगा और अपने प्रदर्शन में इसे दिखाना होगा। मैं भारतीय तेज गेंदबाज़ों को, खासकर नई गेंद से, शुरुआत में ही स्ट्राइक करते और प्रभाव छोड़ते देखना चाहूँगा।'' आकाश चोपड़ा ने कुलदीप यादव को टीम में शामिल करने के बारे में कहा, ''सिडनी में तीन तेज गेंदबाज़ों की जरूरत शायद न पड़े, क्योंकि यह आमतौर पर स्पिन के लिए अनुकूल पिच होती है। कुलदीप यादव को यहाँ गेंदबाजी करना पसंद है; यह एक बड़ा मैदान है, और आप बीच के ओवरों में इसका फ़ायदा उठा सकते हैं। भारत को कुलदीप को खिलाना चाहिए और बीच के ओवरों का फ़ायदा उठाना चाहिए, जिससे विकेट लेने के मौके बनेंगे और स्पिन के जरिए दबाव बनेगा।'' भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे 2025 के तीसरे वनडे मैच का पूरा प्रसारण 25 अक्टूबर को भारतीय समयानुसार सुबह 9 बजे , जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर लाइव देखा जा सकता है।

## भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज में ग्लेन मैक्सवेल और बेन ड्वारश्विस की वापसी

सिडनी 24 अक्टूबर। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ होने वाली टी-20 सीरीज के लिए ग्लेन मैक्सवेल और बेन ड्वारश्विस की वापसी बुलाया तथा तेज गेंदबाज माहली बियर्डमैन को भी टीम में जगह दी गई है। इसी के साथ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय के लिए जैक एडवर्ड्स को टीम में बुलाया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपने दोनों सफेद गेंद टीम में बदलाव की पुष्टि करते हुए तीसरे एकदिवसीय से मार्नस लाबुशेन को रिलीज कर दिया। लाबुशेन मंगलवार से गाबा में शुरू हो रहे क्वींसलैंड के लिए एनएसडब्ल्यू के खिलाफ शेफील्ड शील्ड मुकाबले की तैयारी करेंगे। इसके अलावा जॉश हेजलवुड और सीन एबट दोनों ही टी-20 सीरीज के अंतिम चरण के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। वह 10 नवंबर से एससीजी में शुरू हो रहे विक्टोरिया के लिए एनएसडब्ल्यु के खिलाफ शेफील्ड शील्ड मैच के लिए उपलब्ध होंगे। हेजलवुड पहले दो टी-20 ही खेलेंगे जबकि एबट होबार्ट में खेले जाने वाले तीसरे टी-20 के बाद दल से विदाई ले लेंगे।

मैथ्यू कूनेमन पहले वनडे में खेले थे लेकिन एडम जम्पा की वापसी के चलते उन्हें एडिलेड में दूसरे एकदिवसीय में जगह नहीं मिली थी, उन्हें तीसरे वनडे के लिए टीम में शामिल किया गया है। पर्थ वनडे खेलने वाले जॉश फिलिपे को भी एलेक्स कैरी की वापसी के चलते दूसरे वनडे से बाहर का रास्ता दिखाया गया था लेकिन जॉश इंग्लिस की फिटनेस पर असमंजस की स्थिति को देखते हुए उन्हें टी-20 सीरीज के लिए बैकअप विकेटकीपर के तौर पर दल में शामिल किया गया है। मैक्सवेल अंतिम तीन टी-20 के लिए ऑस्ट्रेलिया के दल में वापसी करेंगे, पिछले महीने के अंत में नेट्स में अभ्यास करने के दौरान उनकी कलाई चोटिल हो गई थी। ड्वारश्विस पिंडली में चोट के चलते वनडे सीरीज और तीन टी-20 मैचों के लिए बाहर हो गए थे लेकिन उन्हें क्वींसलैंड में खेले जाने वाले चौथे और पांचवें टी-20 के लिए दल में शामिल किया गया है।

**तीसरे एकदिवसीय के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम:-** मिचेल मार्श (कप्तान), ज़ेवियर बार्टलेट, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कूपर कॉनली, जैक एडवर्ड्स, नेथन एलिस, जॉश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जॉश इंग्लिस, मैथ्यू कूनेमन, मिचेल ओवेन, जॉश फ़िलिपे (विकेटकीपर), मैट रेनशॉ, मैथ्यू शॉर्ट, मिचेल स्टार्क और एडम जम्पा।

**टी-20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम:-** मिचेल मार्श (कप्तान), सीन एबट (पहले तीन मैचों के लिए उपलब्ध), ज़ेवियर बार्टलेट, माहली बियर्डमैन (अंतिम तीन मैचों के लिए उपलब्ध), टिम डेविड, बेन ड्वारश्विस (अंतिम दो मैचों के लिए उपलब्ध), नेथन एलिस, जॉश हेज़लवुड (पहले दो मैचों के लिए उपलब्ध), ट्रैविस हेड, ग्लेन मैक्सवेल (अंतिम तीन मैचों के लिए उपलब्ध) जॉश इंग्लिस (विकेटकीपर), मैथ्यू कूनेमन, जॉश फिलिपे (विकेटकीपर), मिचेल ओवेन, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टॉयनिस और एडम जम्पा।

## आईसीसी विमेंस वर्ल्ड कप 2025 : सेमीफाइनल में किस टीम से भिड़ेगी टीम इंडिया?



नई दिल्ली, 24 अक्टूबर। भारत ने बीते गुरुवार न्यूजीलैंड को आईसीसी विमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 के 24वें मुकाबले में 53 रनों से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। इसी के साथ अब विमेंस वर्ल्ड कप 2025 के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चारों टीमों की तस्वीर साफ हो चुकी है। वहीं भारत से पहले ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड की टीम ने नॉकआउट में अपनी जगह पक्की की थी। हालांकि, सेमीफाइनल का शेड्यूल अभी तक साफ नहीं हो पाया है लेकिन ये साफ है कि भारत पहला सेमीफाइनल खेलने वाला है। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इंडिया फिलहाल 6 मैचों में इतने ही अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में चौथे पायदान पर है। वहीं भारत को अपना आखिरी मैच बांग्लादेश के खिलाफ खेलना है। टीम इंडिया अगर वह मैच जीत भी लेती है तो वह अधिकतम 8 अंकों तक ही पहुंच पाएगी। इंग्लैंड 9 पॉइंट्स के साथ तीसरे, साउथ अफ्रीका 10 पॉइंट्स के साथ दूसरे और ऑस्ट्रेलिया 11 पॉइंट्स के साथ पहले पायदान पर है। इसका मतलब है कि भारत चौथे नंबर पर रहकर ही सेमीफाइनल में प्रवेश करेगा। वहीं पहला सेमीफाइनल पॉइंट्स टेबल में पहले और चौथे पायदान पर रहने वाली टीमों के बीच होगा, जबकि दूसरा सेमीफाइनल दूसरे और तीसरे नंबर पर रहने वाली टीमों के बीच होगा। इसका मतलब ये है कि भारत के सेमीफाइनल खेलने की डेट कन्फर्म हो गई है लेकिन किस टीम के खिलाफ होगा इसकी तस्वीर साफ होना अभी बाकी है।

## उत्तराखंड की कॉबेंट नगरी रामनगर में पहली बार होगा रणजी ट्रॉफी का आयोजन

नैनीताल, 24 अक्टूबर। उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) के बैनर तले क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड (सीएयू) पहली बार रणजी ट्रॉफी मैच का आयोजन करने जा रहा है। यह मैच कॉर्बेट नगरी रामनगर के कोशिकी क्रिकेट अकादमी, मंगलार क्षेत्र के मैदान में खेला जाएगा।